## बिहार विधान-सभा वादवृत्त

भारत के संविधान के उपवन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में वृहस्पतिवार, तिथि ७ मई, १९५३ को पूर्वाह्न ११ बजे माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

### अल्प-सूचना-प्रश्नोत्तर।

### SHORT-NOTICE QUESTIONS AND ANSWERS.

AWARD OF HARIJAN STIPENDS.

**310. Shri BABUAY LAL MAHTO:** Will the Minister, in charge of the Welfare Department, be pleased to state—

(*a*) the number of the Harijan stipends falling vacant or being abandoned for classes upto VII, during the year just closed;

(*b*) the number of the vacant and abandoned stipends of the aforesaid standards re-awarded through the casual award system between February and March, 1953;

(*c*) whether Binda Paswan, a student of Class VII of Harahi Municipal Middle School could get a casual award; if not, why?

**Shri BHOLA PASWAN:** (*a*) 284 in entire Tirhut Division.

(*b*) 121.

(*c*) The answer is in the affirmative. The latter part of the question does not arise.

श्री रामलखन पासवान की छात्रवृत्ति का पुनः नवीन किया जाना।

३१३। श्री महावीर प्रसाद—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि बीर उरीआरा हाई स्कूल के हेडमास्टर ने अपने पत्र संख्या ३२, ता० २७ फरवरी, १९५३ में श्री राम लखन पासवान, अष्टम वर्ग के विद्यार्थी के स्कालरशिप के लिये सिफारिश की थी और उसे १९५१-५२ में स्कालरशिप मिला था;

(ख) क्या यह बात सही है कि इस साल भी उसके नाम की सिफारिश के साथ हेडमास्टर ने रिनीवल के लिये भेजा था;

(ग) यदि खंड (क) और (ख) के उत्तर हां में हों, तो उसे स्कालरशिप क्यों नहीं मिला?

कार्रवाई कर रही है, तो मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि क्या सरकार ने लोकल वर्क्स इन्सपेक्टर को यह आदेश दिया है कि वह एस्टीमेट पेश करे।

श्री भोला पासवान—सरकार ने स्टीमेट मांगा है। डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर, लोकल वर्क्स एस्टीमेट तैयार करता है और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड उसकी मंजूरी देती है।

श्री देवनारायण यादव—मैं पूछना चाहता हूँ कि वह एस्टीमेट सरकार के पास आ गया है या नहीं?

श्री भोला पासवान—इसके लिये नोटिस चाहिये।

श्री रामअयोध्या प्रसाद—सरकार ने अपने जवाब में बतलाया है कि इसकी बराबर मरम्मत होती रहती है। तो मैं जानना चाहता हूँ कि कितनी बार इसकी मरम्मत हुई है?

श्री भोला पासवान—इसके लिये नोटिस चाहिये।

श्री राम विनोद सिंह—क्या यह पुल बरसात के पहले बन जायगा।

श्री भोला पासवान—इसके बारे में निश्चित उत्तर नहीं दिया जा सकता है, परन्तु सरकार कोशिश कर रही है कि बन जा सके।

### शाहाबाद के उन सब-डिप्टी कलक्टरों और डिप्टी कलक्टरों की बदली जिनकी अवधि ५ वर्षों से अधिक है।

४५७। श्री गुप्त नाथ सिंह—क्या मुख्य मंत्री, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि शाहाबाद जिले में ऐसे सब-डिप्टी-मजिस्ट्रेट, डिप्टी मजिस्ट्रेट और सब-डिप्टी कलक्टर हैं जो वहां ५ वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो ऐसे अफसरों की संख्या क्या है तथा उन सबों के वहीं जमाए रखने का हेतु क्या है;

(ग) क्या सरकार ५ वर्षों से अधिक समय शाहाबाद में काम करते वाले सब-डिप्टी मजिस्ट्रेट, डिप्टी मजिस्ट्रेट और सब-डिप्टी कलक्टर की तत्काल बदली करने का विचार करती है?

श्री कृष्ण बल्लभ सहाय—(क) उत्तर ना है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।